# दैनिक जागरण inext

Page No :02 Bottom


# एसआरएमएस एकेडमी और एसजी कैंट मेरठ ने जीते क्रिकेट मुकाबले

## एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हाइटेक हास्पिटल वाराणसी को 66 रन से हराया


bareilly@inext.co.in


**BAREILLY (22 Feb):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के पांचवें दिन शनिवार को दो क्रिकेट मुकाबले खेले गए. इसमें ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हाईटेक हास्पिटल वाराणसी को 66 रन से और एसजी कैंट मेरठ ने ठेकेदार इलेवन बरेली को सात विकेट से हराया. एसआरएमएस एकेडमी के गोल्डी मलिक को और एसजी कैंट के प्रथम सलूजा को मैन आफ द मैच चुना गया.

### स्टेडियम में प्रतियोगिता

एसआरएमएस स्टेडियम में आयोजित श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट के पांचवें सीजन के पांचवें दिन नौवा मुकाबला एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित और हाईटेक हास्पिटल वाराणसी के बीच ग्रुप बी का मैच खेला गया. इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया.




विनर्स को पुरस्कार देकर किया सम्मानित.

ओपनर हर्ष राणा और तुषार ने सही साबित किया और आक्रामक खेलते हुए पहले विकेट की साझेदारी के लिए चार ओवर में 51 रन बनाए. हर्ष राणा ने अपने 40 रन महज 16 गेंदों का सामना करते हुए तीन चौके और चार छक्के लगाकर बनाए. तुषार ने 45 रन केवल 40 गेंदों का सामना करके बनाए. वहीं, कप्तान अनंत ने 19 गेंदों पर छह चौके व 3 छक्के लगाकर 47 रन जुटाते हुए टीम का स्कोर 191 रनों के पार पहुंचाया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाईटेक हास्पिटल वाराणसी के सिद्धांत सिंह ने 25 गेंदों पर 29 रन और रोशन चौहान ने 56 रन 40 गेंदों पर चार चौके, तीन छक्के लगाकर बनाए. इसके बाद ने आठ विकेट पर 125 रन बनाए.

### बरेली और मेरठ में हुआ मैच

टूर्नामेंट का 10वां मैच ग्रुप डी की टीमों ठेकेदार इलेवन बरेली व एसजी कैंट मेरठ के बीच खेला गया. इसमें ठेकेदार इलेवन ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए. राजश्री क्लब बरेली के खिलाफ 67 गेंदों पर 127 रन बनाने वाले विकास सिंह ने शनिवार को भी आक्रामक पारी खेली लेकिन वह सात रन से अपना और टूर्नामेंट का दूसरा शतक बनाने से चूक गए. विकास ने 48 गेंदों पर नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 93 रन बनाए. इसके अलावा सत्यम संगू के नाबाद 34 रन और दिव्यांश राजपूत ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम जीत हासिल की.